53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 17.9°c अधिकतम 32.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:20, सूर्यास्त - 5:49 | वर्षः 53/अंक :284 मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025 कार्तिक, कृष्ण पक्ष, नवमी सम्वत् 2082 मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ -4

**अमृतवाणी**

जिस तरह कमल कीचड़ में रहकर भी कीचड़ से गंदा नहीं होता, उसी तरह आध्यात्मिक व्यक्ति कठिन परिस्थितियों से विचलित या माया से अशुद्ध नहीं होता।

**अखिलेश यादव संघीय ढांचे को नहीं समझते, अखिलेश की छवि मसखरे की बन गयी है : उत्तर प्रदेश भाजपा**



मसखरे भी किसी से कम तो नहीं... आजकल मसखरों की कीमत है.....

# NUMAX सिटी में हुआ साल का सबसे बड़ा डांडिया NIGHT SHOW

हजारों की संख्या में पहुँचे लोग, सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम। रेणुका पंवार ने मंच पर आते ही धमाल मचा दिया। देसी स्टाइल में जब उन्होंने लोगों का अभिवादन किया तो दूसरी तरफ न्यूमैक्स सिटी के भव्य मैदान में मौजूद बेतहाशा भीड़ ने जबरदस्त उत्साह के साथ जवाब दिया। इसके बाद हरियाणवी गानों की मस्ती का जो सिलसिला शुरू हुआ, वो देर रात तक नहीं थमा। खुशबू भरे माहौल में संगीत की लहरियां घुलीं तो क्या बच्चा, क्या बूढ़ा, हर किसी के चेहरे पर उमंग की रंगत छाती चली गई। इसी माहौल में पूरा कार्यक्रम उल्लास के बीच चलता रहा।





## कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया

Numax सिटी में डांडिया नाइट का शुभारंभ कई मायनों में अनोखा रहा। खास तौर पर आमंत्रित राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, जिला बार संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी, न्यूमैक्स सिटी के डायरेक्टर सुनील गोयल ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मंच पर आये बाल कलाकारों का उत्साहवर्द्धन किया जो अपने सामाजिक सरोकारों के लिए जाने जाते हैं। यह कार्यक्रम भी समाज की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए मिलने वाली प्रेरणा का हिस्सा है। पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, गौरव स्वरूप, पुरकाजी चेयरमैन जहीर फारुकी, पूर्व पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, एसएसपी की पत्नी डॉ. नीलम राय वर्मा, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, सीएफओ अनुराग सिंह, सीओ खतौली रामाशीष यादव, प्रवेंद्र दहिया आदि लोगों ने पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



















न्यूमैक्स सिटी मुजफ्फरनगर में आयोजित कार्यक्रम पहली बार ऐतिहासिक कार्यक्रम का साक्षी बना। ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ने का सबसे अहम माध्यम होते हैं। कार्यक्रम में जुटी भीड़ को संबोधित करते हुए numax के एम डी सुनील गोयल ने कहा कि यह न्यूमैक्स सिटी का सौभाग्य है कि वह इतने लोगों का एक साथ स्वागत कर रहा है। यहां आए लोगों का जोश बता रहा है कि मुजफ्फरनगर हमेशा ऐसे आयोजन की सफलता की गारंटी देता है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की तरह ही न्यूमैक्स सिटी भी आधुनिकता और विकास का अनूठा संगम है।

















53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 17.9°c अधिकतम 32.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:20, सूर्यास्त - 5:49 | वर्षः 53/अंक :284 मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025 कार्तिक, कृष्ण पक्ष, नवमी सम्वत् 2082 मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ -4

**अमृतवाणी**

जिस तरह कमल कीचड़ में रहकर भी कीचड़ से गंदा नहीं होता, उसी तरह आध्यात्मिक व्यक्ति कठिन परिस्थितियों से विचलित या माया से अशुद्ध नहीं होता।

अखिलेश यादव संघीय ढांचे को नहीं समझते, अखिलेश की छवि मसखरे की बन गयी है : उत्तर प्रदेश भाजपा



मसखरे भी किसी से कम तो नहीं... आजकल मसखरों की कीमत है.....

# दाल मंडी में पकड़ा गया अवैध पटाखों का जखीरा, दुकान के अंदर लगे मिले भाजपा के झंडे

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** कुछ लोगों की पटाखों की दुकानों पर हर वर्ष छापे लगते हैं, मगर फिर भी वे अपने कारनामों से बाज नहीं आते। हर साल दाल मण्डी में अवैध रूप से पटाखे बेचे जाने का मामला सामने

**हर साल लगता है इस दुकानदार पर छापा**

आता है, मगर फिर भी हौसला बुलंद करते हुए कुछ दुकानदार अवैध रूप से पटाखे बेचने से बाज नहीं आते। शाम ढलते ही दाल मण्डी के एक पटाखा दुकानदार पर खुद एएसपी सिद्धार्थ के मिश्रा व नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर ने छापमारी की तो पटाखे नहीं पटाखों का जखीरा पकड़ा गया। एक नहीं, दो नहीं बल्कि पूरे पांच शटर खोलकर सभी दुकानों में जमा पटाखे जब्त कर लिये और जमकर फटकार लगाई। उक्त दुकानदार और कोई नहीं बल्कि भाजपा के कन्हैया शर्मा ही थे। इस बात की





पुष्टि तब हुई जब दुकान के अंदर से भाजपा के झंडे लगे हुए मिले। शायद दुकानदार ने अवैध रूप से पटाखे बेचने इसीलिए शुरू किए हों कि कोई सत्ताधारी उसे बचा लेगा मगर वह भूल गए कि आए दिन भाजपाईयों के साथ विभिन्न प्रकार के सामने आते हैं, लेकिन कोई भाजपा नेता किसी भाजपाई को बचाता नहीं दिखता।

फिलहाल अधिकारियों ने हाथोंहाथ सभी दुकानें सील करा दीं। इसी के साथ-साथ पुलिस ने हनुमान चौक, मकान नं. 117 छापामारी केबाद अवैध पटाखा बरामद करते हुए निहालचंद नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। लगभग तीन घंटे तक खुद एएसपी, सिटी मजिस्ट्रेट दाल मण्डी में जमें रहे और जब तक सभी दुकानें सील नहीं करा दी गयी तब तक टीम वापस नहीं लौटी। अधिकारियों का बताना है कि जनपद में त्यौहारों के दौरान किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। आबादी के बीच में पटाखे रखना पहले से ही नियमाविरुद्ध है साथ ही साथ अवैध रूप से बेचे जा रहे पटाखों पर किसी प्रकार की कोई धींगामुश्ती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आपको बता दें कि शहर कोतवाली क्षेत्र में सिर्फ दाल मण्डी ही नहीं हनुमान चौक पर भी एक घर में रखे पटाखों के अवैध भण्डारण पर कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

# थाना कोतवाली नगर ने अवैध पटाखा बनाने वाले को किया गिरफ्तार

## पुलिस ने भारी मात्रा में पटाखे भी किये बरामद

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्तूबर (बु)।** जैसे-जैसे दिपावली नजदीक आ रही है, पुलिस भी पटाखों के मामले में अलर्ट पर है। आपको याद होगा कि पूरे प्रदेश में कई जगह अवैध पटाखों के कारण घटनाएं हो चुकी हैं। अभी एक दिन पहले ही जनपद मुजफ्फरनगर के खतौली में अवैध पटाखों में आग लगने से कई धमाके हुए, जिसके कारण एक महिला भी इसकी चपेट में आने से गंभीर घायल हो गई थी। इस मामले में खुद एसएसपी संजय कुमार वर्मा मौके पर पहुंचे थे। इसके बाद से ही पुलिस अवैध पटाखे बनाने या सप्लाई करने के मामले में सख्ती दिखा रही है।

इसी क्रम में आज जनपद की शहर कोतवाली क्षेत्र के हनुमान चौक में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 1 गिरफ्तारी की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि हनुमान चौक निवासी निहालचन्द पुत्र गोकुल चन्द घर पर ही बिना किसी इजाजत के पटाखे बना रहा है। सूचना मिलते ही थाना कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक उमेश रोरिया और उपनिरीक्षक मोहित कुमार की अगवाई में उक्त आरोपी के घर पर दाबिश दी, जहां मौके से भारी मात्रा में अवैध पटाखों सहित गिरफ्तार किया गया है। इस टीम में कांस्टेबल नवीन सैनी और कांस्टेबल सुल्तान सिंह मौजूद रहे। बरामद अवैध पटाखों में 76 डिब्बे मिनी बुलेट, 4 डिब्बे 555 टाइम बम, 11 डिब्बे राजन 2 राउण्ड रॉकेट बड़े सहित भारी मात्रा में पटाखे व पटाखों को बनाने वाली सामग्री बरामद की गई है। प्रभारी निरीक्षक उमेश रोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त आरोपी पर धारा 62/25 धारा 9बी(1)ए विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।



# 80 करोड़ के विकास कार्यों पर पालिका बोर्ड ने लगाई मुहर

## करीब 80 करोड़ की विकास योजनाओं के 128 प्रस्ताव पास | 250 नई सड़कें, 3000 स्ट्रीट लाइट व पेयजल सुधार को बल

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** नगरीय विकास को पंख लगाने के साथ नए आयाम बनाने की दिशा में पालिका चेयरपर्सन ने करीब 80 करोड़ रुपए लागत की विकास योजना को धरातल पर लाने को बोर्ड की स्वीकृति प्राप्त कर ली। सोमवार में पालिका बोर्ड की बहुप्रतीक्षित बैठक में 128 प्रस्ताव वाले एजेंडे में लाइट खरीद, आवारा पशु और कम्पनी बाग के पेड़ कटान मामले में बोर्ड में हंगामे के बीच सहमति से



पास हो गया। नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने इस एजेंडे के बूते भविष्य में चहुंमुखी विकास के एजेंडे को पेश किया। इसके तहत सभी 55 वार्डों में करीब 50 करोड़ रुपये की लागत से एवं जल निकासी के लिए नाली निर्माण होंगे, वहीं करीब 30 करोड़ रुपये से पेयजल में सुधार, पथ प्रकाश व्यवस्था को संवारने और कर्मियों के हितों तथा अन्य कार्यों पर खर्च किये जायेंगे। इसके साथ फैंसी लाइटों से शहर की प्रमुख सड़कें जगमग रोशन होंगी।

पालिका परिषद् की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की अध्यक्षता में सोमवार को टाउनहाल सभागार में बोर्ड बैठक में उनके कार्यकाल का अब तक सबसे बड़ा विकास एजेंडा पेश किया गया, जिसमें प्रमुख तौर पर सड़क निर्माण व पेयजल और पथ प्रकाश व्यवस्था सुधार के कार्य शामिल किये हैं। करीब 2 वर्षों से नई लाइटों की खरीद का मामला शिकायतों और जांच में अटकने के कारण बोर्ड में लाइट खरीद के लिए लाए सभी प्रस्ताव स्वीकृत किए गए। चेयरपर्सन ने लाइट खरीद के साथ ही हाईमास्ट लाइट, फैंसी स्ट्रीट लाइट और सेमी हाईमास्ट लाइट लगाने के लिए अलग से प्रस्ताव शामिल किए इनमें एटूजेड चौराहा, सुरेन्द्र नगर चौराहा, नई मंडी चौराहा सहित अन्य 5 स्थानों पर 16 मीटर हाईमास्ट लाइट लगेंगी। नई मंडी, गांधी कॉलोनी, पटेल नगर, गांधीनगर, कूकड़ा, प्रेमपुरी ईदगाह, हनुमान चौक आबकारी रोड, अंसारी रोड, सदर बाजार में 72 से 84 वॉट की सिंगल हैंड एलईडी फैंसी लाइट लगाने की योजना है। वहीं 75 और 45 वॉट की करीब 3000 नई एलईडी स्ट्रीट लाइट खरीदने के प्रस्ताव मंजूर हो गए। साथ ही पालिका में सीमा विस्तार के बाद कार्य विभाजन के प्रस्ताव को भी बोर्ड ने अपनी हरी झंडी दी है। इसमें पालिका के वर्तमान में बने 55 वार्डों के 8 हल्कों के बजाए 12 हल्कों में विभाजित करने का प्रस्ताव है, ताकि सभी कर्मियों पर कार्य का बोझ कम होने के साथ ही लोगों को सुलभ व्यवस्था बने। इसमें



सभासदों ने कहा कि कुछ विस्तारित क्षेत्र छूट गये हैं, इनको भी शामिल किया जायेगा। वहीं अचल संपत्ति नामांतरण के लिए अंतिम निर्णय के अभाव में लटकी 650 दाखिल खारिज की पत्रावलियों का निस्तारण कराने के लिए बोर्ड द्वारा ईओ को अधिकार देने का निर्णय लिया है। इनका निस्तारण भी तेजी से किया जायेगा।

**इन्होंने कहा-**

पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि आने वाले महीनों में शहरवासियों को जमीनी स्तर पर बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। नगर पालिका बोर्ड ने सर्व सहमति से नगर क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए विकास विजन पर निर्णय लिया गया। हम करीब 80 करोड़ रुपये के एजेंडे को पारित कर चुके हैं। विकास की यह योजना न केवल नगरीय क्षेत्र की वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाई गई है, बल्कि भविष्य की जरुरत को भी दृष्टिगत रखते हुए तैयार की है। पालिका बोर्ड बैठक में यह महत्वाकांक्षी प्रस्ताव वाला एजेंडा सदन की सहमति से पारित हुआ और शहर के विकास की राह में निर्णायक मोड़ भी साबित होगा। इसके लिए हम सम्पूर्ण बोर्ड के सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त करते हैं। इसमें कई बड़े निर्णय लिए हैं, जो जल्द से जल्द धरातल पर लाने के लिए पालिका प्रशासन आज से काम में जुट गया है। सबसे बड़ा काम लाइट खरीद के लिए हुआ, क्योंकि लंबे समय से यह मामला अधर में चल रहा था। अब शहर की हर गली रोशन होगी।

# कुत्ते पकड़ने के सवाल पर डॉ. अजय प्रताप शाही ने की जब आनाकानी, सभासद बोले नहीं चलने देंगे अब मनमानी

## एनएसए और जेई निर्माण के खिलाफ आरोप, हटाने की मांग

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** पालिका परिषद् की बोर्ड बैठक में आवारा कुत्तों के आतंक को लेकर सभासद काफी नाराज नजर आये। सभासदों ने इस पर हुई कार्यवाही व तैयारी को लेकर सदन में जवाब तलब किये। ऐसे में एनएसए और सभासदों के बीच जमकर बहस होने पर हंगामा हो गया। सभासदों ने कार्यवाही की मांग की तो अधिकारी ने इस्तीफा देने की चेतावनी भी दे डाली।

बोर्ड बैठक के बीच जब ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने एजेंडे के प्रस्ताव संख्या 651 को सदन के समक्ष रखा तो सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, नौशाद खां, रजत धीमान आदि ने ऐतराज जताया। इसमें शहर में 1000 बन्दरों को पकड़ने के लिए 966700 रुपये खर्च करते हुए वान्या कन्स्ट्रक्शन एण्ड सप्लायर्स मुजफ्फरनगर को टैंडर स्वीकृति मांगी थी। सभासदों ने कहा कि इससे पहले भी बंदर पकड़ने के लिए टैंडर किया गया, लेकिन कुछ काम नहीं हुआ। इस ऐतराज के बीच सभासद राजीव शर्मा और मनोज वर्मा ने शहर में आवारा कुत्तों के आतंक का मुद्दा उठाते हुए पालिका की कार्यवाही पर जानकारी मांगी और एनएसए डॉ. अजय प्रताप शाही को सदन में तलब किया तो वो तब तक पहुंचे नहीं थे। इस पर सभासदों ने कार्यवाही की मांग की। इसी बीच एनएसए डॉ. शाही आये तो सभासद उन पर बरस पड़े। जब डॉ. शाही ने आवारा कुत्तों को पकड़ने के काम को बेहद रिस्की बताया तो सभासदों ने कामकाज छोड़ने के लिए कह दिया। इस पर नाराज डॉ. शाही ने सदन में इस्तीफा देने की चेतावनी दे दी। ईओ डॉ. प्रज्ञा के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। वहीं वार्ड सभासद रितु त्यागी ने निर्माण विभाग के जेई कपिल कुमार की कार्यप्रणाली पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि वार्ड में सड़क निर्माण या दूसरे विकास कार्यों को सभासदों की जानकारी के बिना शुरू कराया जाता है। सभासद किसी कार्य पर ऐतराज करते हैं तो अधिकारी व ठेकेदार बदतमीजी करते हैं। उन्होंने जेई को सदन में तलब कराने की मांग की तो वो भी नदारद मिले। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि वार्ड सभासद रितु त्यागी की शिकायत पर चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के आदेश के अनुसार तत्काल प्रभाव से उनके वार्ड से जेई कपिल को हटाते हुए जेई राजीव सोनकर को जिम्मेदारी सौंपी जायेगी। उधर, डॉ. अजय प्रताप शाही ने बताया कि पालिका के पारित एजेंडे में आवारा कुत्तों को पकड़ कर उन्हें शैल्टर करने व नसबंदी कराने का प्रस्ताव पारित किया है। वहलना में पालिका भूमि पर डॉग शैल्टर बनवाने का काम कर रही है। दो डॉग कैचर खरीदने का प्रस्ताव विभाग ने पारित किया है। इसके साथ सीएमओ को भी पत्र लिखा गया है। एक एनजीओ के साथ पालिका काम करने की तैयारी कर रही है।







मुठभेड़ के दौरान तितावी पुलिस द्वारा पकड़े गए बदमाश।

# बाजार के बाजीगर हथिया रहे जीएसटी कटौती का मुनाफा

## करीब एक माह बाद भी उपभोक्ता को नहीं मिल रहा जीएसटी कटौती का लाभ | कंपनियों की बाजीगरी और बाजार के शातिरों के आगे सरकार का जीएसटी कार्ड हो रहा फेल

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** सरकार ने जीएसटी दरों की कमी के बाद उम्मीद जताई थी कि आम आदमी को इसका लाभ पहुंचेगा, लेकिन कुछ महंगे आइटमों को छोड़ दें तो सामान्य जरूरत की ऐसी चीजों पर इसका अभी तक कोई असर नजर नहीं आ रहा है, जिन पर जीएसटी में कमी की गई है। कंपनियों की बाजीगरी ऐसी है कि दवाओं समेत तमाम आम जरूरत की चीजों पर अभी दाम कम नहीं हुए हैं। सरकार ने जीएसटी कटौती को लेकर भरपूर प्रचार किया, लेकिन बाजार के शातिरों के मंसूबे अभी भी कायम हैं।

जीएसटी काउंसिल के फैसले के बाद 22 सितंबर से बाजार में नई जीएसटी दरों पर सामान बेचने की बात कही गई थी। जीएसटी में 5 प्रतिशत और 18 के अलावा बाकी स्लैब को खत्म कर दिया गया है। सरकार का उद्देश्य था कि इससे आम उपभोक्ता को महंगाई से राहत मिले। इसका असर बड़े लग्जरी आइटमों, इलेक्ट्रानिक्स और ऑटोमोबाइल बाजार में तो खूब नजर आया। तमाम कंपनियों ने अपने उत्पादों की कीमतें घटा दीं। पैक्ड दूध के बड़े ब्रांडों पर भी नई दरें लागू हो गईं। हालांकि खुला दूध आज भी उसी कीमत पर मिल रहा है। इसके उलट आम प्रयोग में आने वाली अधिकांश वस्तुओं और दवाओं के दामों पर इसका असर कम नजर आ रहा है। खाने पीने के पैक्ड आइटम जैसे घी, जूस, सॉस, नमकीन का पैकेट, साबुन, मोबाइल रिचार्ज और रेडीमेड वस्त्रों समेत कई ऐसे आइटम है, जिन पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी तरह कई ऐसी वस्तुएं हैं जिन पर जीएसटी पूरी तरह हटा दिया गया है, लेकिन बाजार में इसका कोई लाभउपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा है।

हालांकि जानकार बताते हैं कि कंपनियां नई दरों के हिसाब से उत्पाद का वजन बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं। कुछ कंपनियां कर चुकी हैं और कुछ करने की तैयारी में है। इसमें कई दवाएं तक शामिल हैं। पैक्ड पेयजल की कीमत तो चौदह रुपये निर्धारित की गई थी। इसके बावजूद आज भी पानी की बोतल बीस रुपये में बिक रही है। उत्पाद के दाम शातिर कपंनियों से बढ़ा दिए बाजार के जानकारों का कहना है कि तमाम शातिर कंपनियों ने जीएसटी दरें कम होने के बाद अपने एमआरपी रिवाइज कर इसमें वृद्धि कर दी है। अधिकांश दुकानदारों का कहना है कि उनके पास अभी पुराने रेट का माल है तो जब कंपनी कम करके भेजेगी तब इसे देखेंगे। ऐसे में जीएसटी कम होने के बावजूद इसके लाभ से उपभोक्ताओं को वंचित कर दिया गया है। इसके अलावा पांच दस रुपए कीमत के अधिकांश पैक्ड आइटम की स्थिति यह है नई दरों के बाद इसमें एक रुपये से पचास पैसे तक की कमी हुई है। ऐसे में दुकानदार राउंड फ्लैगर में ही पैसा वसूल रहे हैं।




जीवनरक्षक दवाओं और पनीर समेत विभिन्न खाद्य सामग्री पर टैक्स शून्य कर दिया है। कई दुकानदारों ने इनकी कीमत पर कोई अंतर नहीं किया है। ग्राहकों को टैक्स छूट का लाभनहीं मिल पा रहा है। पैकेटों पर नई कीमत का टैग नहीं लगाया है। कुछ कंपनियों का कहना है कि उनके राउंड फीगर के प्रोडक्ट की कीमतों में बदलाव के बजाय वे जल्द पैकेटों में सामान का वजन बढ़ाकर उपभोक्ता को जीएसटी की छूट का लाभ पहुंचाएंगे। कुछ कंपनियां नई खेप आने के बाद रेट रिवाइज करने की बात कर रही हैं। लोगों को पुरानी कीमतों पर ही दवाएं समेत सामान मिल रहा है। ऐसे में अभी कई उत्पादों में लाभ पाने के लिए उपभाक्ताओं को थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। बोले जीएसटी ज्वाइंट कमिश्नर वाणिज्य कर प्रवर्तन के ज्वाइंट कमिश्नर सिद्धेश चंद्र दीक्षित का कहना है कि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि जीएसटी की दरों में की गई कमी का पूरा लाभ आम उपभोक्ता को मिलना चाहिए। ऐसी शिकायतें मिल रही हैं कि कतिपय कारणों से आम उपभोक्ताओं को अभी भी कुछ मामलों में इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस पर विभाग की नजर है। केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने ऐसे मामलों की शिकायत करने के लिए टोल फ्री नंबर जारी किया है। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर भी इसकी शिकायत की जा सकती है। विभाग की ओर से टेस्ट खरीद करके भी ऐसे मामलों की निगरानी की जाएगी।

# पुलिस मुठभेड़ में 6 बदमाश पकड़े, दो मौके से भागने में सफल

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** ट्रांसफॉर्मर व विद्युत उपकरण चोरी करने वाले बदमाशों से तितावी पुलिस व मिशन शक्ति टीम की मुठभेड़ हो गयी। इस दौरान पुलिस की गोली लगने से चार बदमाश घायल हो गए। घायल बदमाशों के अन्य दो साथी भी पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिये, जबकि दो बदमाश भागने में सफल रहे। पुलिस ने

**पुलिस की गोली लगने से 4 बदमाश घायल**

गिरफ्तार आरोपियों से 4 तमंचे, 2 कार, ट्रांसफार्मर का चोरी का सामान, 1 बाइक व नगदी बरामद की है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का चालान कर दिया है।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने सोमवार को पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए जानकारी दी कि रविवार की देर रात सीओ रुपाली राय चौधरी और थाना प्रभारी पवन कुमार पानीपत-खटीमा मार्ग पर चैकिंग कर रहे थे। पुलिस ने कार व बाइक सवार संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया



तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने भी बदमाशों पर फायरिंग की जिसमें आरिफ उर्फ पिर्री निवासी खारी कुँआ, कालन्दि चुंगी कस्बा व थाना सरधना जनपद मेरठ, राशिद उर्फ पप्पू निवासी मौहल्ला बूढ़ाबाबू कस्बा सरधना, समीर उर्फ शहजाद निवासी मौहल्ला अशोक बिहार लोनी, गाजियाबाद, अरशद निवासी शेखपुरी, भोला रोड, थाना जानी जनपद मेरठ गोली लगने से घायल हो गए, जबकि उनके दो साथी सोनू उर्फ अजीत निवासी गोविन्दपुरी, मोदीनगर व जानू उर्फ जान मौहम्मद किदवईनगर, मोदी नगरहाल पता सहविस्वा थाना मुरादनगर को भी गिरफ्तार कर लिया।

मौके से उनके साथी इरशाद निवासी मोदीनगर व अलीशेर निवासी मवाना फरार होने में कामयाब हो गए। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने 4 तमंचे, 2 कार, 1 बाइक व ट्रांसफार्मर से किया चोरी का सामान बरामद किया है। उन्होंने बताया कि गिरोह जंगल में विद्युत ट्रांसफॉर्मर चोरी करने का अवैध काम करता है और ट्रांसफॉर्मर को काटकर उसके सामान को निकालकर बेचते हैं। गैंग के लोग तितावी, पुरकाजी, जानसठ, छपार, रतनपुरी, भोपा व चरथावल में कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। गिरफ्तार आरोपियों पर दर्जनों अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों से 11 घटनाओं का पटाक्षेप किया है। वरिष्ठ पलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने खुलासे करने वाली टीम को 25 हजार रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

# सिखेड़ा पुलिस व कृषि विभाग ने 3 शातिर पकड़े

## शातिरों के पास से पुलिस ने 80 बैग यूरिया, 1 पिकअप गाड़ी व 1 होंडा सिटी कार बरामद की

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** थाना सिखेड़ा पुलिस व कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने फर्जी प्रपत्र तैयार कर कृषि कार्य में काम आने वाले यूरिया उर्वरक की खरीदारी व अवैध भंडारण करने वाले 3 शातिरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 80 बैग यूरिया, 1 पिकअप गाड़ी व 1 होंडा सिटी कार बरामद की है।

पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता कर एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया सिखेड़ा थाना पुलिस व कृषि विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर फर्जी प्रपत्र तैयार कर कृषि कार्य में उपयोग होने वाले यूरिया उर्वरक की कालाबाजारी करने के आरोप में तीन आरोपी रमन पांडेय निवासी नया गांव थाना सिखेडा, इंतजार निवासी किदवईनगर थाना खालापार व उमंग वशिष्ठ निवासी लक्ष्मण विहार को 1 पिकअप गाड़ी समेत गिरफ्तार किया। पुलिस ने गाड़ी से 80 बैग यूरिया के भी बरामद किए हैं। आरोपियों के पास से पुलिस ने एक होंडा सिटी कार भी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों का चालान कर दिया गया है। पुलिस पूछताछ में इंडस्ट्रीज ले जाकर कृषि कार्य में प्रयोग होने वाले महंगे उर्वरक को बनाकर बाजार में बेच



आरोपी उमंग ने जानकारी दी कि नकली कागज तैयार कर उर्वरक की खरीदारी कर उसका भंडारण करते थे। इसके बाद श्रीराम बायोटेक देते थे। पुलिस कप्तान ने गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को 20 हजार रुपए पुरस्कार स्वरूप देने की घोषणा की है।

# मतदान के दिन सिर्फ बुर्के वाली महिलाओं की जांच मंजूर नहीं: समाजवादी पार्टी ने किया विरोध

**लखनऊ, 13 अक्टूबर (एजेंसी)।** सपा ने चुनाव आयोग को ज्ञापन देकर मांग की है कि बुर्के वाली महिला मतदाताओं की पहचान आंगनवाड़ी सेविकाओं से कराने और जांच के बाद ही बुर्के वाली महिला मतदाता को मतदान करने संबंधी निर्देश वापस लिए जाएं। निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव में इन निर्देशों को सख्ती से लागू करने और आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में भी इसे लागू करने को कहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त का नया निर्देश भारत निर्वाचन आयोग के नियमों के विपरीत है। इसमें बताया गया है कि मतदान के दिन मतदान अधिकारी को मतदाता की आईडी यानी मतदाता पहचान पत्र की जांच करने का अधिकार दिया गया है। इसलिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग के नियमों के विपरीत जा कर नया निर्देश जारी किया है। यह आयोग की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर सवाल खड़ा कर रहा है।

